भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1774

16 दिसम्बर, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

योग केंद्र

1774. श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 21 जून 2022 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य-वार और जिले-वार किन स्थानों पर योग किया गया है;

(ख) गत दस वर्षों से कितने योग केंद्र कार्य कर रहे हैं और उनकी स्थापना का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) गत पांच वर्षों के दौरान नियुक्त किए गए योग शिक्षकों की संख्या कितनी है;

(घ) क्या राजस्थान के टोंक और सवाई माधोपुर जिलों में योग केंद्र काम कर रहे हैं और इस संबंध में राज्य और केंद्र सरकार द्वारा कितनी धनराशि जारी की गई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई), 2022 के आयोजन के दौरान देशभर के सभी राज्यों और जिलों में लोगों ने योग प्रदर्शन किया। विभिन्न हितधारकों द्वारा पूरे विश्व में आईडीवाई संबंधी विभिन्न समारोह आयोजित किए गए थे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य समारोह मैसूर, कर्नाटक में आयोजित किया गया था। इस समारोह की अगुआई माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी। आजादी का अमृत महोत्सव के भाग के रूप में देश के 75 से अधिक प्रतिष्ठित स्थानों पर भी कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) प्रदर्शन आयोजित किए गए थे। इन प्रतिष्ठित स्थानों का ब्यौरा **संलग्नक** पर है।

(ख) से (ड.): चूंकि जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है इसलिए योग केंद्रों की स्थापना/प्रबंधन तथा योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है। आयुष मंत्रालय राजस्थान के टोंक और सवाईमाधोपुर जिलों में योग केंद्रों के क्रियाशील होने से संबंधित विशिष्ट आकंड़ों का अनुरक्षण नहीं करता है।

*****

संलग्नक

प्रतिष्ठित स्थानों का विवरण		
क्र.सं.	**प्रतिष्ठित स्थल**	**राज्य**
1	सेलुलर जेल (दक्षिण अंदमान)	अंदमान और निकोबार द्वीप
2	स्वर्ण भारती इंडोर स्टेडियम (विशाखापत्तनम)	आंध्र प्रदेश
3	गोल्डन पगोडा (नमसाई)	अरुणाचल प्रदेश
4	डोंग गांव	अरुणाचल प्रदेश
5	रंग घर, (शिवसागर)	असम
6	महाबोधि मंदिर	बिहार
7	नालंदा महाविहार (नालंदा)	बिहार
8	रॉक गार्डन (चंडीगढ़)	चंडीगढ़
9	भोरमदेव मंदिर (चौरागांव, कबीरधाम जिला)	छत्तीसगढ़
10	दीव किला	दमण व दीव
11	जंतर मंतर (नई दिल्ली)	दिल्ली
12	पुराना किला	दिल्ली
13	लाल किला परिसर (पुरानी दिल्ली)	दिल्ली
14	गोवा के चर्च और कॉन्वेंट (ओल्ड गोवा)	गोवा
15	फोर्ट अगोडा संग्रहालय	गोवा
16	स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (केवड़िया)	गुजरात
17	मोढेरा सूर्य मंदिर (मोढेरा गांव)	गुजरात
18	धोलावीरा (कच्छ)	गुजरात
19	साबरमती रिवर फ्रंट	गुजरात
20	कुरुक्षेत्र	हरियाणा
21	राखीगढ़ी (हिसार)।	हरियाणा
22	कांगड़ा किला	हिमाचल प्रदेश
23	तिरासुजानपुर (कटौच पैलेस), हमीरपुर	हिमाचल प्रदेश
24	पराशर झील (मंडी)	हिमाचल प्रदेश
25	अटल टनल	हिमाचल प्रदेश
26	सुचेतगढ़ सीमा (जम्मू)	जम्मू-कश्मीर
27	एसकेआईसीसी, डल झील (श्रीनगर)	जम्मू-कश्मीर
28	मार्तंड सूर्य मंदिर (अनंतनाग)	जम्मू-कश्मीर
29	खूंटी	झारखंड
30	हम्पी में स्मारकों का समूह	कर्नाटक
31	पट्टडकल में स्मारकों का समूह	कर्नाटक
32	हलेबीडु मंदिर परिसर	कर्नाटक
33	गोल गुंबज, विजयपुरा	कर्नाटक
34	कोच्चि किला (एर्नाकुलम जिले का कोच्चि शहर)	केरल
35	पद्मनाभ मंदिर	केरल
36	ख्री सुल्तान चो स्टेडियम, कारगिल	लद्दाख
37	बंगाराम द्वीप	लक्षद्वीप
38	खजुराहो स्मारक समूह छतरपुर, मध्य प्रदेश	मध्य प्रदेश

39	माँ नर्मदा उदगमस्थल, अमरकंटक	मध्य प्रदेश
40	किला ग्वालियर	मध्य प्रदेश
41	बौद्ध स्मारक सांची टाउन, रायसेन जिला, मध्य प्रदेश	मध्य प्रदेश
42	त्र्यंबकेश्वर मंदिर, नासिक	महाराष्ट्र
43	जीरो माइलस्टोन, नागपुर	महाराष्ट्र
44	मरीन ड्राइव, मुंबई	महाराष्ट्र
45	फुगेवाड़ी मेट्रो स्टेशन, पुणे	महाराष्ट्र
46	लोकटक झील (बिष्णुपुर)	मणिपुर
47	नेहू, कॉनवोकेशन हॉल, (शिलांग)	मेघालय
48	आर डेंगथुमा इंडोर स्टेडियम	मिजोरम
49	नागा हेरिटेज विलेज (कोहिमा)	नगालैंड
50	सूर्य मंदिर, कोणार्कपुरी जिला	ओडिशा
51	पुरी बीच	ओडिशा
52	माँ किशकेश्वरी मंदिर स्थल, खिचिंगमयूरभंज जिला ओडिशा	ओडिशा
53	बीच प्रोमेनेड (पुडुचेरी)	पुडुचेरी
54	वाघा बॉर्डर	पंजाब
55	सैम सैंड ड्यून्स (जैसलमेर)	राजस्थान
56	जंतर मंतर (जयपुर)	राजस्थान
57	राजस्थान के पहाड़ी किले (कुंभलगढ़)	राजस्थान
58	एन्ची मठ	सिक्किम
59	भारतीय वायु सेना बेस, कोयम्बटूर	तमिलनाडु
60	विवेकानंद रॉक मेमोरियल, कन्याकुमारी	तमिलनाडु
61	द ग्रेट लिविंग चोला मंदिर (तंजावुर)	तमिलनाडु
62	शोर मंदिर महाबलीपुरम	तमिलनाडु
63	सुलूर वायु सेना स्टेशन, कोयम्बटूर	तमिलनाडु
64	परेड ग्राउंड, सिकंदराबाद	तेलंगाना
65	नीरमहल पैलेस (सेपाहिजाला)	त्रिपुरा
66	राम मंदिर परिसर अयोध्या	उत्तर प्रदेश
67	फ़तेहपुर सीकरी	उत्तर प्रदेश
68	हस्तिनापुर (मेरठ)	उत्तर प्रदेश
69	कुशीनगर बौद्ध मंदिर	उत्तर प्रदेश
70	रेजीडेन्सी लखनऊ	उत्तर प्रदेश
71	जौनपुर किला	उत्तर प्रदेश
72	हर की पौड़ी (हरिद्वार)	उत्तराखंड
73	केदारनाथ मंदिर (रुद्रप्रयाग)	उत्तराखंड
74	नैनीताल झील	उत्तराखंड
75	भारत की पर्वतीय रेल (दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे) बतासिया लूप, दार्जिलिंग	पश्चिमी बंगाल
76	शांति निकेतन (बोलपुरटाउन)/बेलूर मठ	पश्चिमी बंगाल